# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 25 फरवरी, 2021

----

**[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

Total Short Notice Question- 8

----

### भूजल स्तर की गिरावट

*21 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जल जीवन हरियाली को लेकर सरकार ने कई प्राथमिकताएं तय करते हुए कार्यक्रमों की घोषणा की है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के कई जिलों में भूजल का स्तर काफी नीचे के स्तर तक चला गया है;

(ग) क्या यह सही है कि भूजल के स्तर में गिरावट की वजह से भविष्य में पेयजल का संकट उत्पन्न हो सकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सदन को सरकार बतलायेगी कि इस दिशा में कौन-कौन-से कदम उठाने का विचार रखती है, जिससे भूजल के स्तर को ऊपर किया जा सके तथा जल संकट को दूर किया जा सके ?

----

## मेगा स्किल सेंटर

***22 श्री रण विजय कुमार सिंह (विधान सभा):**

Will the **श्रम संसाधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में नए युवाओं को नए कौशल के प्रशिक्षण हेतु सात निश्चय कार्यक्रम पार्ट-2 के तहत सभी 38 जिलों में मेगा स्किल सेंटर खोलने के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा विभाग को निर्देश दिया गया था;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो मेगा स्किल सेंटर खोलने के संबंध में अबतक क्या कार्रवाई की गई है ?

----

## वृद्धाश्रम बनाने पर विचार

***23 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **समाज कल्याण** be pleased to state:-
क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के हर शहर में डेढ़ सौ की क्षमता वाले वृद्धाश्रम बनाने का प्रयास है;

(ख) क्या यह सही है वर्ष 2021 में कुल आबादी में 10.70 प्रतिशत हिस्सा वृद्धों का हो जाएगा, जिसके स्वास्थ्य की देखभाल के साथ भोजन-आवास की समुचित व्यवस्था की सरकार अपनी जिम्मेदारी मान रही है;

(ग) क्या यह सही है कि वृद्धाश्रम के कामकाज को रोडमैप में शामिल करने का भी प्रस्ताव है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में बुजूर्ग के हित में हर शहर में डेढ़ सौ की क्षमता वाले वृद्धाश्रम बनाने का विचार रखती है ?

----

## वृक्ष सूखने की जाँच

***24 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राजधानी पटना को हरियालीमय बनाने के लिए तीन

करोड़ रुपयों की लागत से पिछले दो वर्षों में विभिन्न तरह के दो लाख साठ हजार पौधे लगाये गये;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त लगाये गये पौधों में से 80 हजार पौधे सूख गये हैं और शेष सूखने के कगार पर है, जिससे पटना के पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पौधों के सूखने की जांच कराते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करेगी, यदि हाँ तो कब तक ?

----

## बीयर बांध का निर्माण

*25 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

Will the **जल संसाधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले में फल्गु नदी पर सरकार द्वारा बीयर बांध बनाने की घोषणा हुई थी परन्तु आज तक बीयर बांध नहीं बनाया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार फल्गु नदी पर बीयर बांध बनाना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## नाम बदलने पर विचार

*26 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

Will the **गृह** be pleased to state:-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि लखीसराय स्थित कथैया थाना वास्तव में जयनगर राजस्व ग्राम में अवस्थित है और आम जनता के द्वारा इसे कवैया थाना के नाम पर जयनगर थाना रखने का प्रस्ताव सरकार को दिया गया है और सरकार के स्तर से पुलिस महानिरीक्षक द्वारा इसकी जाँच भी कराई गई, किंतु आज तक थाने का नाम जयनगर अधिसूचित नहीं किया गया;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कवैया थाना का नाम ऐतिहासिक जयनगर राजस्व ग्राम के नाम पर करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक ?

----

## वितरण करवाने पर विचार

*27 **श्री सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** be pleased to state:-

क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2012 में मिशन हरियाली योजना अंतर्गत समूचे बिहार में विभागीय स्तर से किसानों के बीच 2019 तक पॉपुलर पेड़ लगाए गए थे;

(ख) क्या यह सही है कि पॉपुलर पेड़ की बिक्री बिहार में स्थित आरा मिल में ही किए जाने को लेकर मधुबनी जिला अंतर्गत सभी प्रखडों में किसानों ने इस योजना के क्रियान्वयन के लिए हाथों हाथ लिया और हरियाली का प्रतिशत भी बढ़ा;

(ग) क्या यह सही है कि पॉपुलर पेड़ की बिक्री वितरण का कोई प्रबंध अभी तक नहीं होने के कारण किसानों में आक्रोश व्याप्त है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के हितों का ख्याल रखते हुए मधुबनी जिला में ही पॉपुलर छिलने वाली मशीन लगा कर बिक्री वितरण कराना चाहती है ?

----

## क्रेडिट कार्ड बनाने में आनाकानी

*28 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **वित्त विभाग** be pleased to state:-

क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पीएम सम्मान निधि योजना के तहत सालाना 6 हजार रुपए मिलने वाले किसानों को प्रधानमंत्री ने पीएम क्रेडिट कार्ड की सौगात दी है, पीएम सम्मान निधि योजना की राशि जिस बैंक खाते में जमा हो रही है, अब उसी बैंक में पीम किसान क्रेडिट कार्ड प्रस्तावित है, पीएम मोदी ने इसके लिए बैंकों को स्पष्ट आदेश दिया है कि किसानों को जागरूक करें और आवेदन करवा कर लाभांवित करवाएं;

(ख) क्या यह सही है कि गोपालगंज के गैर सरकारी बैंक में किसान आवेदन लेकर बैंक के पास पहुंच रहे हैं, तो उनके आवेदन लौटाए जा रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बतायेगी कि किसान के क्रेडिट कार्ड बनाने में आनाकानी करने वाले बैंक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----